दिन– शनिवार दिनांक– 22 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. देश में प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए लोक परीक्षा कानून आज से लागू। दोषियों को अधिकतम दस साल की जेल और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने की सजा का प्रावधान।

02. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में तिरेपनवीं जीएसटी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी भी होंगे शामिल।

03. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल तेरह प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। चौबीस जून को होगी नामांकन पत्रों की जांच।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की बारिश का सिलसिला जारी। पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, अररिया और किशनगंज जिले में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट।

---

केंद्र सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए लोक परीक्षा कानून लागू कर दिया है। इसे सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम विधेयक, दो हजार चौबीस का नाम दिया गया है। आधिकारिक गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना में कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि कानून के प्रावधान आज से लागू हो गये हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

---

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट दो हजार चौबीस के कथित पेपर लीक माममले में आर्थिक अपराध इकाई ने कल नालंदा के एकंगरसराय में छापेमारी कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिये गये व्यक्ति का नाम राकेश कुमार है। इधर, प्रश्न पत्र लीक की जांच से केन्द्र सरकार को अवगत कराने के लिए ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान आज दिल्ली जा रहे हैं। वे केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात कर उन्हें अब तक हुई जांच से अवगत करायेंगे।

---

संयुक्त सीएसआईआर–यूजीसी–नेट जून दो हजार चौबीस परीक्षा को अपरिहार्य परिस्थितियों और लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा पच्चीस से सत्ताईस जून के बीच होने वाली थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने

कहा कि इस परीक्षा के आयोजन के लिए संशोधित कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। एनटीए ने कहा है कि किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी एनटीए हेल्प डेस्क से सम्पर्क कर सकते हैं। हेल्प डेस्क का फोन नम्बर है – शून्य एक एक–चार शून्य सात पांच नौ शून्य शून्य शून्य और शून्य एक एक–छह नौ दो दो सात सात शून्य शून्य इसके अलावा एनटीए से csirnet@nta.ac.in पर मेल करके लिखित जानकारी भी ले सकते हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है। समिति द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि छब्बीस से अट्ठाईस जून के बीच दो पालियों में होने वाली परीक्षा अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है। परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा बाद में की जायेगी।

---

केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में तिरेपनवीं जीएसटी परिषद बैठक की अध्यक्षता करेंगी। नई सरकार के गठन के बाद यह जीएसटी परिषद की पहली बैठक है। बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी बैठक में शामिल होंगे। जीएसटी परिषद की अंतिम बैठक पिछले वर्ष सात अक्टूबर को हुई थी।

---

उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को जीएसटी दर युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्री समूह का संयोजक बनाया गया है। जीएसटी परिषद सचिवालय के अनुसार सात सदस्यीय मंत्री समूह कर दरों पर सुझाव देगा।

---

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज राज्य के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक करेंगी। इस बैठक में बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी शामिल होंगे। श्री चौधरी राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में आने वाली चुनौतियों की तरफ केन्द्रीय वित्त मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे। साथ ही नीति आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्य के लिए विशेष सहायता की मांग करेंगे।

---

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल तेरह प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा है। नामांकन भरने वालों में राजद से बीमा भारती, जदयू से कलाधर प्रसाद मंडल और निर्दलीय शंकर सिंह प्रमुख हैं। नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। वहीं, प्रत्याशी छब्बीस जून तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान दस जुलाई को होना है। मतों की गिनती तेरह जुलाई को होगी।

---

प्रदेश में अब बीस साल से अधिक पुरानी जमीन रजिस्ट्री का दाखिल–खारिज या जमाबंदी अपर समाहर्ता, एडीएम की जांच के बाद होगा। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने पटना में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों पर अंकुश लगाने के लिए यह फैसला किया गया है।

---

प्रदेश में अब बालू की ऑनलाईन बिक्री होगी। उपमुख्यमंत्री सह खान और भू–तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इसके लिए सुलभ बालू नाम से विभाग एक नया पोर्टल शुरू करेगा। इस पोर्टल पर बालू की गुणवत्ता के आधार पर बाजार मूल्य अंकित होगा। लोग पोर्टल के माध्यम से बालू खरीद सकेंगे। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था डेढ़ महीने के अंदर शुरू हो जायेगी।

---

पटना के बख्तियारपुर में पन्द्रह साल और इससे अधिक पुराने वाहनों को नष्ट करने के लिए स्क्रैप सेंटर चालू हो गया है। लोग इस सेंटर पर पन्द्रह साल या इससे अधिक पुराने वाहनों के ले जाकर नष्ट करवा सकते हैं। वाहन मालिकों को उनके वाहन के वर्तमान मूल्य के आधार पर राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ ही ऐसे लोगों को नई गाड़ी की खरीद पर पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी और नई गाड़ी खरीदने पर निबंधन शुल्क भी नहीं देना होगा।

---

प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश की सम्भावना है। वहीं, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, मॉनसून के आगमन के बाद राज्य के अधिकतर हिस्सों के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। कल किसी भी जिले में लू की स्थिति नहीं रही। उनतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ आरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

पर्यटन विभाग ने श्रावणी मेले की तैयारी शुरू कर दी है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र ने कल तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुल्तानगंज में छह सौ बेड की टेंट सिटी बनायी जायेगी। इसके अलावा धोबई, खैरा और अबरखा में दो–दो सौ बेड वाले टेंट सिटी का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कांवरिया पथ पर उपलब्ध सुविधाओं को सूचना पट पर लगाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही जगह–जगह पर हेल्पलाईन नम्बर प्रदर्शित किये जायेंगे।

---

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांडों में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म, के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

———बाईट———

ऑल इंडिया रेडियो को वीडियो कैटेगरी में सबसे भरोसेमंद चौनल माना गया है। ऑल इंडिया रेडियो और प्रसार भारती का मोटो है भरोसा सच का, सच के अलावा कुछ नहीं दिखाते हैं, कुछ नहीं चलाते हैं। सारे दर्शकों को मैं बधाई देना चाहूगां, जो हमारे रेडियो के साथ जुड़े हुए हैं और कर्मचारी को, अधिकारियों को विशेष रूप से बधाई। ये जो भरोसा है देश का, दुनिया का, ऑल इंडिया रेडियो के इस भरोसे को हम लोग आगे भी कायम रखेंगे।

---

पटना के ज्ञान भवन में आज से दो दिवसीय आम महोत्सव शुरू हो रहा है। महोत्सव का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कृषि मंत्री मंगल पांडे करेंगे। कृषि विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न जिलों के आम उत्पादक और उद्यमी अपने–अपने उत्पादों के साथ स्टॉल लगायेंगे। महोत्सव में लोगों को तीन सौ से अधिक किस्म की आम को देखने और खरीदने का मौका मिलेगा।

---

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिला के पंजाखुर में पिछले दिनों नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों की हुई मुठभेड़ में औरंगाबाद निवासी बीएसएफ जवान मदन सिंह की मौत हो गयी। वे जिले के रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सा गांव के रहने वाले थे।

---

आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी विश्व कप में आज शाम एंटीगुआ के नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में सुपर आठ मुकाबलों में भारत और बांग्लादेश का मैच

होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा। आकाशवाणी इस मैच का आंखों देखा हाल प्रसारित किया जायेगा।

---

बक्सर गंगा ब्रिज पर उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान तीन वाहनों से शराब की बड़ी खेप बरामद की है। मामले में चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही शराब तस्करी में सहयोग करने के मामले में होमगार्ड के दो जवानों की भी गिरफ्तारी हुई है।

---

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के डोमिनिया पुल के पास पुलिस ने एक सौ पुड़िया स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

पटना के दानापुर में श्रम संसाधन विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर सात बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। इस मामले में सात दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नीट, पेपर लीक मामले में नालंदा में छापे, सॉल्वर गैंग का सदस्य गिरफ्तार।

प्रभात खबर लिखता है– बिहार की दूसरी ओलंपियन होंगी श्रेयसी। इक्कीस सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– प्रदेश में बारिश का सिस्टम सक्रिय। दक्षिण बिहार पहुंचने में दो–तीन दिन का समय लगेगा।

दैनिक जागरण लिखता है– अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल।

आज अखबार की प्रमुख खबर है– योग पथ पर पूरी दुनिया। एक सौ सतहत्तर से अधिक देशों में मनाया गया अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है–हज के दौरान अंठानवे भारतीयों की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. देश में प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए लोक परीक्षा कानून आज से लागू। दोषियों को अधिकतम दस साल की जेल और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने की सजा का प्रावधान।

02. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में तिरेपनवीं जीएसटी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी भी होंगे शामिल।

03. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल तेरह प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। चौबीस जून को होगी नामांकन पत्रों की जांच।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की बारिश का सिलसिला जारी। पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, अररिया और किशनगंज जिले में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।